Bareilly, Wednesday
26 February 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO II : BOTTOM

**स्पोर्ट्स** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन फाइव

# आईके कलेक्शन और ठेकेदार इलेवन सेमी फाइनल में

**पहले क्वार्टर फाइनल में आईके कलेक्शन ने स्पोर्ट्स स्टेडियम को 5 विकेट से हराया**

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (25 Feb):** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट पांचवें सीजन के सातवें दिन मंगलवार को पहला और दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया. पहले क्वार्टर फाइनल में आईके कलेक्शन ने स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली को 5 विकेट से हरा कर सेमी फाइनल में स्थान हासिल किया, जबकि दूसरे क्वार्टर फाइनल में ठेकेदार इलेवन ने हल्द्वानी क्रिकेटर्स को 82 रनों स हरा कर सेमीफाइनल का टिकट पाया. पहले क्वार्टर फाइनल में आईके कलेक्शन के लिए तीन विकेट लेने के साथ 47 रन बनाने वाले हिटर-वन को मैन आफ द मैच घोषित किया गया, जबकि दूसरे क्वार्टर फाइनल में हल्द्वानी क्रिकेटर्स के खिलाफ 4 विकेट लेने वाले ठेकेदार इलेवन के गेंदबाज प्रवीण कुमार मैन आफ द मैच बने. टूर्नामेंट का तीसरा और चौथा क्वार्टर फाइनल मैच बुधवार को खेला जाएगा. जिसमें जस क्रिकेट एकेडमी और एसआरएमएस एकेडमी एवं हरदोई स्ट्राइकर्स और आईके कलेक्शन एसजी कैंट में मुकाबला होगा.



विनर्स को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित.

## स्टेडियम मे हुआ मैच

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्थित श्रीराम मूर्ति क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार सुबह 9 बजे टूर्नामेंट का पहला क्वार्टर आईके कलेक्शन और स्पोर्ट्स स्टेडियम बरेली के बीच हुआ. इसमें आईके कलेक्शन के कप्तान माजिद हसन खान ने टॉस जीत कर स्पोर्ट्स स्टेडियम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया. स्पोर्ट्स स्टेडियम की टीम ने निर्धारित 20 ओवर मे 9 विकेट खोकर 141 रन बनाए. आईके कलेक्शन के गेंदबाज दीपक आर्य ने 4 और हिटर वन ने 3 विकेट हासिल कर स्पोर्ट्स स्टेडियम के खिलाड़ियों पर अंकुश कायम रखा. जीत के लिए 141 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईके कलेक्शन के बल्लेबाजों ने आरंभ से ही आक्रामक रुख अपनाया और पहले विकेट की साझेदारी के लिए आठ ओवर मे 87 रन बना लिए. हिटर वन (47 रन, 30 गेंद, 5 चौके, 2 छक्के) के रूप मे पहला विकेट गिरने के बाद भी आईके कलेक्शन के बल्लेबाज दबाव मे नहीं आए. जिसकी बदौलत टीम ने 3 विकेट खोकर 17 गेंद शेष रहते 145 रन बना जीत हासिल की.तीन विकेट लेने के साथ 47 रन बनाने वाले आईके कलेक्शन के हरफनमौला खिलाड़ी हिटर वन को मैन आफ द मैच घोषित किया गया.

## प्रवीण बने मैन ऑफ द मैच

टूर्नामेंट का दूसरा क्वार्टर फाइनल हल्द्वानी क्रिकेटर्स और ठेकेदार इलेवन के बीच दोपहर 12.30 बजे से आरंभ हुआ. ठेकेदार इलेवन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया. ओपनर सेहरावत और सुशील यदुवंशी ने पहले विकेट के लिए 8.4 ओवर में 105 रनों की साझेदारी की. सेहरावत (48 रन, 26 गेंद, 4 चौके, 6 छक्के) के आउट होने के बाद भी बल्लेबाजों ने खेल जारी रखा. जिसकी बदौलत ठेकेदार इलेवन ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 222 रन बनाए. हल्द्वानी क्रिकेटर्स का अंतिम विकेट गिरा और टीम 140 रन ही बना सकी. नतीजा ठेकेदार इलेवन ने 82 रनों से मैच जीत कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया.